पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

संख्या- 103/2024 दिनांक- 29.03.2024

प्रेस नोट

थाना- फूलपुर

पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय गो-तस्कर अबू तालिब घायल/गिरफ्तार; पिकअप वाहन पर लदे 04 राशि प्रतिबंधित पशु, अवैध असलहा व कारतूस बरामद।

गिफ्तारी का विवरण (पुलिस मुठभेड़)-

दिनांक- 29.03.2024 को प्र0नि0 शशीचन्द चौधरी थाना फूलपुर आजमगढ़ मय हमराह द्वारा अम्बारी चौराहे पर दीदारगंज रोड पर आपस मे वार्ता कर रहे थे कि सूचना मिली कि गो-तस्करों द्वारा **ग्राम खन्जहाँपुर मे स्थित श्रीपति यादव इण्टर कालेज** के पीछे चोरी छिपे छुट्टा प्रतिबंधित पशुओं को इकट्ठा कर पिकअप मे कही ले जाने के लिये लाद रहे है, इस सूचना पर तत्काल पुलिस बल खन्जहाँपुर मे स्थित श्रीपति यादव इण्टर कालेज के पीछे के पास पहुँचकर घेरा बन्दी की गयी कि एक पिकअप गाडी पर कुछ व्यक्ति पशुओं को लाद रहे थे कि उन्हे टार्च की रोशनी डालते हुये बताया गया कि आप लोग पुलिस से घिर चुके है तभी उधर से गो-तस्करों ने पुलिस पार्टी को लक्ष्य करते हुए जान से मारने की नियत से फायर कर दिया, पुलिस बल द्वारा पर्याप्त चेतावनी के बाद भी फायरिंग की गयी जिसके पश्चात पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ नियंत्रित फायरिंग की गयी जिसमें *एक गो-तस्कर के दाहिने पैर में गोली* लगी है, उपचार हेतु जिला अस्पताल आजमगढ़ भेजा गया है। शेष 03 बदमाश मौके से फरार हो गये।

➡ ***घायल गो-तस्कर अभियुक्त की पहचान अबू तालिब उर्फ तालिब पुत्र जियाउद्दीन ग्राम बखरा थाना सरायमीर जिला आजमगढ़*** उम्र 38 वर्ष के रुप में हुई तथा घायल गो-तस्कर **को समय लगभग 00.35 बजे पुलिस** हिरासत में लिया गया है।

➡तीन ***फरार गो-तस्कर अभियुक्त की पहचान सलमान, फैजान उर्फ विडम्ब पुत्रगण फिरोज व सज्जाद पुत्र अजीज निवासीगण ग्राम पीठापुर थाना अहरौला जिला आजमगढ़*** के रुप में हुई । तीनो फरार गो-तस्कर अभियुक्त थाना अहरौला के हिस्ट्रीशीटर है।

➡ घायल गो-तस्कर अभियुक्त के कब्जे से ***04 राशि प्रतिबंधित पशु (बछड़ा) व एक अवैध देशी तमन्चा 315 बोर व 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर व दो खोखा कारतूस 315 बोर व एक पिकअप नम्बर वाहन, दो एटीएम कार्ड एवं 1660/- रुपया नगद*** आदि बरामद हुआ।

➡ गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना फूलपुर पर ***मु0अ0सं0- 153/2024 धारा 3/5ए/8 गोबध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 व 34/307/504/411/420/467/468 भादवि एवं मु0अ0सं0 154/2024 धारा 3/25 शस्त्र अधि0*** थाना फूलपुर आजमगढ़ पंजीकृत किया गया।

पूछताछ कर विवरण- गिरफ्तार घायल गो-तस्कर अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 4/5-12-2023 की रात्रि को मैं व सलमान, सज्जाद व विडम्ब उर्फ फैजान ने जनपद अम्बेडकर नगर अलीगंज धुरहिया थानाक्षेत्र अलीगंज से पिकअप वाहन चोरी किये थे और इसी पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर बछड़ो को पकड़ कर बेचने हेतु बिहार ले जाकर कटवा देते है।

➡दिनांक- 15/16.2.2024 की रात्रि को थाना परसपुर जनपद गोण्डा में, मैं अपने उपरोक्त साथियों के साथ बोलेरो वाहन UP 50 CC 2502 व ट्रक UP 50 AT 2770 में प्रतिबंधित पशु 05 राशि को लाद रहें थे, उसी समय वहां पुलिस आ गयी जिससे हम लोग गाड़ी व गोवंशो को छोड़कर वहां से भाग गये थे, साहब मैं अपने उपरोक्त साथियों के साथ जनपद प्रतापगढ़, गोण्डा, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर व जनपद आजमगढ़ में चोरी छिपे प्रतिबंधित पशुओं को ट्रक/पिकअप में लादकर सिवान (बिहार) में ले जाकर बेचने हेतु कटवा देते है।

गिरफ्तार अभियुक्त –

1.अबू तालिब उर्फ तालिब पुत्र जियाउद्दीन ग्राम बखरा थाना सरायमीर जिला आजमगढ़ उम्र 38 वर्ष

बरामदगी –

1. चार राशि प्रतिबंधित पशु (बछड़ा)
2. एक अवैध देशी तमन्चा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस .315 बोर व 03 जिन्दा कारतूस .315 बोर
3. एक पिकअप वाहन यू0पी0 44 एच 3407 *(थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर से चोरी किया गया था)*
4. चार रस्सी नायलान की सफेद रंग की,
5. दो मोबाइल, एक डी.एल, एक आधार कार्ड व एक पैन कार्ड व दो एटीएम कार्ड एवं 1660/- रुपया नगद

पंजीकृत अभियोग –

1.मु0अ0सं0 153/2024 धारा 3/5ए/8 गोबध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 व 34/307/504/411/420/467/468 भा.द.वि. थाना फूलपुर आजमगढ।

2. मु0अ0सं0 154/2024 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना फूलपुर आजमगढ़।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त अबू तालिब उर्फ तालिब

1.मु0अ0सं0 153/2024 धारा 3/5ए/8 गोबध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 व 34/307/504/411/420/467/468 भा.द.वि. थाना फूलपुर आजमगढ।

2. मु0अ0सं0 154/2024 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना फूलपुर आजमगढ़।

3.मु0अ0सं0 281/2023 धारा 379 भा.द.वि. थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर

4.मु0अ0सं0 54/24 धारा 3/5ए/8 गोबध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना परसपुर गोण्डा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- प्र0नि0 शशीचन्द चौधरी थाना फूलपुर आजमगढ़

2- व0उ0नि0 गंगा राम बिन्द थाना फूलपुर आजमगढ़

3. उ0नि0 रज्जन द्विवेदी थाना फूलपुर आजमगढ़

4. का0 अरविन्द तिवारी, का0 आदेश यादव, का0 अनुपम सिंह, का0 आलोक सिंह थाना फूलपुर आजमगढ़